समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# भारत-पाकिस्तान तनाव के बाद दिल्ली मे अंलर्ट, लाल किला-कुतुब मीनार सहित ऐतिहासिक इमारतों की बढ़ी सुरक्षा।

Publisher | Published on 09 May 2025



**दिल्ली पुलिस के अनुसार आमतौर पर सुरक्षा हर रोज होती है, लेकिन भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर तनाव देखते हुए दिल्ली के अलग-अलग इलाकों मे भी फोर्स बढ़ाने का फैसला लिया गया है.**

भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को सुरक्षा बढ़ाने का फैसला लिया. इस फैसले के तहत राष्ट्रीय राजधानी के ऐतिहासिक इमारतों जैसे लालकिला और कुतुब मीनार सहित अन्य भवनों की सुरक्षा बढ़ा दी गई हैं.

दिल्ली में लोगों की सुरक्षा, सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों के दफ्तरों, ऐतिहासिक इमारतों सहित अन्य प्रतिष्ठानों की अहमियत को देखते हुए सरकार ने सुरक्षा में बढ़ोतरी का फैसला लिया है.

खतरे के मद्देनजर सुरक्षा में बढ़ोतरी का फैसला
इस फैसले के तहत दिल्ली पुलिस ने लाल किला, कुतुब मीनार के पास पुलिस बलों की तैनाती बढ़ा दी है. चूंकि ऐतिहासिक इमारतों के पास भारी संख्या में भीड़ आती है, ऐसे में एहतियातन यह कदम उठाया गया है.

CCTV से हर गतिविधि पर निगरानी- दिल्ली पुलिस
दरअसल, पिछले तीन दिनों से भारत-पाकिस्तान के बीच भारी गोलीबारी और एयर स्ट्राइक की वजह से तनाव काफी बढ़ गया है. पाकिस्तान द्वारा ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जा रहा है. इससे लोगों खौफ का माहौल है. जम्मू में गुरुवार की रात पाकिस्तान की ओर ड्रोन हमले की कोशिश के तत्काल बाद 'ब्लैकआउट' लागू करना पड़ा.

हालांकि, बीएसएफ ने पाकिस्तानी सेना की ओर से जारी हमले की कोशिशों को विफल कर दिया. भारतीय सेना भी पाकिस्तानी गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दे रही है. बता दें कि भारतीय सेना ने मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात पाकिस्तान के नौ

आतंकवादी ठिकानों को एयर स्ट्राइक के जरिए ध्वस्त कर दिया था. उसके बाद से पाकिस्तानी सेना ने भी सीमावर्ती इलाकों में हमले तेज कर दिए हैं. की कोशिशों को विफल कर दिया. भारतीय सेना भी पाकिस्तानी गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दे रही है.

बता दें कि भारतीय सेना ने मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात पाकिस्तान के नौ आतंकवादी ठिकानों को एयर स्ट्राइक के जरिए ध्वस्त कर दिया था. उसके बाद से पाकिस्तानी सेना ने भी सीमावर्ती इलाकों में हमले तेज कर दिए हैं.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.